भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा हवाईअड्डों को एसीआई एएसक्यू अवार्ड्स 2020 से सम्मानित किया गया |

नई दिल्ली, 24 सितंबर 2021: श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष भाविप्रा ने एएसक्यू पुरस्कार विजेता हवाईअड्डों नामत: अमृतसर, चंडीगढ़, वाराणसी, कोलकाता और पुणे को उनकी उपलब्धि पर सम्मानित किया और यह सम्मान भाविप्रा हवाईअड्डों पर यात्रियों को विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा यात्री सुविधा में वृद्धि और उत्कृष्ट सेवाओं पर निरंतर जोर देने के परिणाम साल दर साल मिलते रहे हैं। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) ने वर्ष 2020 के लिए वार्षिक एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा 01 मार्च 2021 को की थी और 08 सितंबर 2021 को मोंट्रियल में आयोजित कस्टमर एक्सपीरियंस ग्लोबल समिट के दौरान ''आकार और क्षेत्र के आधार पर सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे की पहचान'' के साथ-साथ "क्षेत्र के आधार पर सर्वोत्तम स्वच्छता उपायों" वाले हवाईअड्डों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए ।

चंडीगढ़ सहित पांच भाविप्रा हवाईअड्डों ने वर्ष 2020 में "क्षेत्र के आधार पर सर्वोत्तम स्वच्छता उपायों" वाली नई श्रेणी सहित "एशिया-प्रशांत में प्रति वर्ष 2 से 5 मिलियन यात्रियों" की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डों के लिए कुल छह पुरस्कार जीते हैं जो निम्नानुसार हैं :-

1. **आकार और क्षेत्र के आधार पर सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डे:**

क्र.सं	हवाईअड्डा	श्रेणी
i	अमृतसर हवाईअड्डा	"एशिया-प्रशांत में प्रति वर्ष 2 से 5 मिलियन यात्रियों" की श्रेणी
ii	चंडीगढ़ हवाईअड्डा	
iii	वाराणसी हवाईअड्डा	

2 क्षेत्र के आधार पर सर्वोत्तम स्वच्छता उपाय (एशिया-प्रशांत)

क्र.सं	हवाईअड्डा	श्रेणी
i	चंडीगढ़ हवाईअड्डा	क्षेत्र के आधार पर सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता उपाय (एशिया-प्रशांत)
ii	कोलकाता हवाईअड्डा	
iii	पुणे हवाईअड्डा	

भाविप्रा के निगमित मुख्यालय में दिनांक 24 सितंबर 2021 को पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया और अध्यक्ष भाविप्रा ने विजेता हवाईअड्डों को पुरस्कार प्रदान किए। विजेता हवाईअड्डों की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े संबंधित क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशकों और विमानपत्तन निदेशकों की मौजूदगी में बोर्ड के सदस्यों द्वारा ये पुरस्कार प्राप्त किए गए।

हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) सर्वेक्षण एक एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई), (एयरपोर्ट ऑपरेटरों का एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन) द्वारा आयोजित विश्व प्रसिद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित वैश्विक बेंचमार्किंग कार्यक्रम है जिसमें हवाईअड्डों के माध्यम से यात्रा कर हवाईअड्डों यात्रियों की संतुष्टि को मापा जाता है I एएसक्यू अवार्ड्स दुनिया भर में उन हवाईअड्डों को मान्यता प्रदान करता है जो अपने यात्रियों की राय में सर्वश्रेष्ठ ग्राहक संतुष्टि प्रदान करते हैं।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी:
कृपया विवरण के लिए महाप्रबंधक (नि.सं.) को संपर्क करें:
011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 21/2021-22